


# षोडश बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-08 बुधवार, दिनांक-04 मार्च, 2020 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अपराह्न तक ।**

[1] **प्रश्नकाल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-16 स्थगित ।

(ii) 31 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 140 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ, श्री राजेन्द्र कुमार, श्री कुमार कृष्णमोहन उर्फ सुदय यादव, श्री संजय कुमार तिवारी, श्री मोहम्मद नवाज आलम एवं श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री कुमार कृष्णमोहन उर्फ सुदय यादव
(ii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iii) श्री ललन पासवान
(iv) श्री समीर कुमार महासेठ
(v) श्री विजय कुमार खेमका
(vi) श्री मदन मोहन तिवारी
(vii) श्री संजय कुमार तिवारी
(viii) श्रीमती पूनम देवी यादव
(ix) श्री मोहम्मद नवाज आलम
(x) श्री शमीम अहमद
(xi) श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी
(xii) श्री राजेन्द्र कुमार
(xiii) श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव
(xiv) श्री संजय सरावगी
(xv) श्री नरेन्द्र कुमार नीरज
(xvi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(xvii) श्री विद्या सागर केशरी
(xviii) श्री शत्रुधन तिवारी
(xix) श्री सुदामा प्रसाद
(xx) श्री रामदेव राय

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री रत्नेश सादा एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री रत्नेश सादा द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग श्री संजय कुमार झा द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री मोहम्मद नवाज आलम एवं अन्य सभासदों का वित्त विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री मोहम्मद नवाज आलम द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा दिया गया ।

तत्पश्चात सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.03 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[5] कार्य मंत्रणा समिति की बैठक :-**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज दिनांक-04.03.2020 को 3 बजे अप० में अध्यक्षीय कार्यालय कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक होगी ।

**[6] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2020-2021 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-02 (जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, विधि विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री संजय कुमार झा द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री यदुवंश कुमार यादव
(ii) श्री निरंजन कुमार मेहता
(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य, श्री मो० नेमतुल्लाह ने आसन ग्रहण किया)
(iii) श्रीमती गायत्री देवी
(iv) श्री विनय वर्मा
(v) श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन
(vi) श्री रणधीर कुमार सोनी
(vii) श्री राजीव नन्दन
(viii) श्री आनन्द शंकर सिंह
(ix) श्री सुदामा प्रसाद

(x) श्रीमती समता देवी

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[7] कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-**

माननीय नेता, विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा सदन में दिनांक-04 मार्च, 2020 के कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन पर सभा की सहमति का अनुरोध किया गया ।

आसन द्वारा समिति की सिफारिशें निम्न रूप में रखी गई :-

(i) बृहस्पतिवार, दिनांक-05 मार्च, 2020 को निर्धारित वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान के उपरांत, प्राप्त राजकीय विधेयक "बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2020" का व्यवस्थापन हो;

(ii) शेष कार्य यथावत रहेंगे ।

इस पर सदन की सहमति हुई ।

तत्पश्चात, वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद पुनः प्रारंभ हुआ ।

(इस अवसर पर अध्यासी सदस्य श्री मो० नेमतुल्लाह ने आसन ग्रहण किया)

(xi) श्री राम बालक सिंह

(xii) श्री विद्या सागर केसरी

(xiii) श्री कुमार कृष्णमोहन उर्फ सुदय यादव

(xiv) श्रीमती बेबी कुमारी

(xv) श्री लाल बाबू राम

(xvi) श्री राजू तिवारी

(xvii) श्री गुलाब यादव

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xviii) श्री मो० नेमतुल्लाह

तत्पश्चात सरकार की ओर से माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री संजय कुमार झा द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के अधिकांश माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरान्त माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

**[8] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 30 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक बृहस्पतिवार, दिनांक-05 मार्च, 2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-04.03.2020

**बटेश्वर नाथ पाण्डेय**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।